Amar Ujala

Page No. 10 Date. 07th Apr 2019

## डेंटल विभाग ने जीते 10 गोल्ड मेडल

मुरादनगर। आईटीएस कॉलेज में खेल प्रतियोगिता जोश के विजेताओं को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। इसमें डेंटल विभाग 10 गोल्ड मेडल जीतकर प्रथम स्थान पर रहा, फिजियोथैरेपी विभाग छह गोल्ड मेडल जीत द्वितीय, बायोटेक्नोलोज़ी विभाग चार गोल्ड मेडल जीतकर तृतीय और फार्मेसी विभाग तीन गोल्ड मेडल जीतकर चौथे स्थान पर रहा। समारोह में वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, प्रधानाचार्य डॉ. देवीचरण शेट्टी, फिजियोथैरेपी निदेशक डॉ. सीएस राम, डॉ. सुरेंद्र सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर मनोबल बढ़ाया। निदेशक डॉ. सीएस राम ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग निवास करता है। निदेशक डॉ. एस सदीश कुमार ने कहा कि शिक्षा एवं खेल का अहम किरदार है। ब्यूरो

# Nav Bharat Times (Hindi)

**Page No : 04 (Gzb)** **Date: 07th Apr 2019**

## छात्रों को किया सम्मानित

एनबीटी न्यूज, मुरादनगर : दिल्ली-मेरठ रोड स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में खेल प्रतियोगिता जोश-2019 के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इसमें डेन्टल, फिजियोथेरेपी, फार्मेसी, बायोटेक्नोलजी विभाग के 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। खेल प्रतियोगिता में क्रिकेट, टेबल टेन्निस व शॉटपुट प्रतियोगिता में डेंटल विभाग विजेता रहा। कॉलेज के वाइस चेयरमेन अर्पित चड्ढा ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं।